सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की मासिक पत्रिका




# अपनी बात

अंक : 581 वर्ष 43 राँची, 30 जून, 2022








# कोयला उत्पादन, प्रेषण एवं ओबी रिमूवल में शानदार प्रदर्शन

सीसीएल देश की ऊर्जा आवश्यकता को पूरा करने के लिए कृतसंकल्पित है। हमारे देश के पावर सेक्टर्स को कोयले की कोई कमी न हो इसके लिए सीएमडी श्री पी. एम. प्रसाद के नेतृत्व में सीसीएल हमेशा प्रयासरत है। टीम सीसीएल ने इस वर्ष के जून माह में विगत वर्ष की तुलना में कोयला उत्पादन में 35 प्रतिशत, ओबी रिमूवल में 38 प्रतिशत एवं प्रेषण में 22 प्रतिशत का लक्ष्य हासिल की है। ज्ञात हो कि सीएमडी एवं सभी निदेशकगण हमेशा कोयले का उत्पादन, प्रेषण एवं ओबी रिमूवल में बढ़ोत्तरी के लिए सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करते हैं। इतना ही नहीं इस कार्य में आ रहे बाधाओं को कैसे दूर किया जाय इस पर भी नजर बनाए हुए हैं।

इसी का नतीजा है कि विगत वित्तीय वर्ष 2021–22 में सीसीएल ने अभी तक का सबसे अधिक कोयले का उत्पादन कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। सीसीएल झारखण्ड राज्य स्थित विभिन्न पावर प्लांटों सहित देश के प्रमुख पावर प्लांटों को भी कोयला की आपूर्ति में अपना योगदान दे रहा है। सीसीएल कोयला उत्पादन के साथ–साथ विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का संचालन भी कर रहा है जिससे कि सीसीएल के कमांड क्षेत्र तथा झारखण्ड के दूर–दराज के ग्रामीण, गरीब एवं श्रमिकों का कल्याण हो रहा है।




# सीसीएल में पर्यावरण दिवस मनाया गया



विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में उपस्थित जनों को सम्बोधित करते सीएमडी, सीसीएल श्री पी. एम. प्रसाद

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक 05 जून को सीसीएल मुख्यालय एवं क्षेत्रों में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। मुख्यालय, राँची में आयोजित पर्यावरण कार्यक्रम में सीएमडी, सीसीएल श्री पी.एम. प्रसाद, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री राम बाबू प्रसाद, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के निदेशक (अतिरिक्त) श्री रजीव रंजन, डीजीएम (इप) श्री एन के सिंह, महाप्रबंधक (पर्यावरण) सौमित्र सिंह सहित महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं स्कूली छात्र उपस्थित थे। प्रारम्भ में मुख्य अतिथि द्वारा पर्यावरण ध्वज फहराया गया और उसके उपरांत कोल इंडिया कॉर्पोरेट गीत सभी कर्मी द्वारा गाया गया।

सीएमडी, सीसीएल श्री पी.एम. प्रसाद, निदेशक तकनीकी






प्रतियोगिता में पुरस्कार प्राप्त बच्चे

(संचालन) श्री राम बाबू प्रसाद, एवं अन्य ने पौधारोपण कर सभी को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सीएमडी, सीसीएल ने औषधि वाटिका का भी उद्घाटन किया। कोल इंडिया के अध्यक्ष श्री प्रमोद अग्रवाल का 'पर्यावरण संदेश' पढ़कर सभी को सुनाया गया एवं सभी से पर्यावरण में अपना योगदान अधिक से अधिक देने के लिए प्रेरित किया।

सीएमडी, सीसीएल श्री पी.एम. प्रसाद, ने उपस्थित सभी को प्रेरित करते हुये कहा कि अपने जीवन में पर्यावरण संरक्षण को सर्वोपरि स्थान देना होगा ताकि हमारी अगली पीढ़ी पर्यावरण का लाभ ले सके। उन्होंने कहा कि सीसीएल द्वारा खनन के उपरांत वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कर 'ईको सिस्टम रेस्टोरेशन' यानी पर्यावरण को हुये नुकसान की भरपाई करने का सतत् प्रयास किया जाता है। हमारा यह भी प्रयास रहता है कि खनन के दौरान नवीनतम तकनीकी एवं ईको फ्रेंडली प्रक्रिया अपनाकर पर्यावरण को कम से कम नुकसान पहुँचाये।

श्री राम बाबू प्रसाद ने सभी से पर्यावरण में अपना योगदान अधिक से अधिक देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बल देते हुये कहा कि इस साल विश्व पर्यावरण दिवस को 'ओनली वन अर्थ' यानी केवल एक पृथ्वी थीम भी इसी सोच के साथ दी गई है कि ताकि इन जीवों के संरक्षण पर सभी का ध्यान पड़े सके।

इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता के सभी विजयी प्रतिभागियों को पुरष्कार एव सर्टिफिकेट सीएमडी, सीसीएल श्री पी.एम. प्रसाद एवं अन्य अतिथिगण द्वारा किया गया।

इसी के अंतर्गत दिनांक 04 जून को सीसीएल मुख्यालय, राँची में क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सीसीएल मुख्यालय के कर्मियों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

इसके साथ ही मुख्यालय में बच्चों के लिए भी चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। विदित हो कि इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस 2022 की थीम 'केवल एक पृथ्वी' (Only One Earth) है। यह विषय हमारे ग्रह को संरक्षित करने और पुनर्स्थापित करने के लिए वैश्विक स्तर पर सामूहिक, परिवर्तनकारी कार्रवाई का आह्वान करता है।

उपरोक्त अवसर पर सीसीएल मुख्यालय सहित सीसीएल के सभी क्षेत्रों में बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता, लघु नाटिका, पर्यावरण प्रश्नोत्तरी, वृक्षारोपण इत्यादि का आयोजन भी किया गया।

कार्यक्रम का सफल आयोजन विभागाध्यक्ष (वन एवं पर्यावरण) श्री सौमित्र सिंह एवं उनकी टीम का सक्रिय योगदान से किया गया।

# सीसीएल के गांधीनगर अस्पताल में 'ऑप्टिकल कोहेरेंस टोमोग्राफी यन्त्र' (ओसीटी) का लोकार्पण



ऑप्टिकल कोहेरेंस टोमोग्राफी यन्त्र का लोकार्पण करते हुए सीसीएल अर्पिता महिला क्लब के अध्यक्षा श्रीमती विमला प्रसाद

सीसीएल अर्पिता महिला क्लब के अध्यक्षा श्रीमती विमला प्रसाद ने कांके रोड, रांची स्थित 'केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर' में 'ऑप्टिकल कोहेरेंस टोमोग्राफी यन्त्र (Optical Coherence Tomography Machine) (ओसीटी) का लोकार्पण किया। इस अवसर पर सीएमडी, सीसीएल श्री पी.एम. प्रसाद, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (कार्मिक) श्री पी.वी.के.आर. मल्लिकार्जून राव, सीएमएस सीसीएल डॉ. डीकेएल चौहान, सीएमएस, गांधीनगर डॉ. रत्नेश जैन सहित अन्य चिकित्सकगण एवं महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। गांधीनगर अस्पताल के के आंख विभाग के प्रमुख डॉ उत्पला चक्रवर्ती भी उपस्थित थीं।

सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने कहा कि सीसीएल झारखण्ड में स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कड़ी है।

# सीसीएल द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 'अखिल भारतीय सार्वजनिक संस्थान वॉलीबॉल प्रतियोगिता' सफलतापूर्वक संपन्न

## एलआईसी टीम का ट्रॉफी पर कब्जा




अखिल भारतीय सार्वजनिक संस्थान वॉलीबॉल प्रतियोगिता के उद्‌घाटन कार्यक्रम में उपस्थित सीएमडी, सीसीएल श्री पी.एम. प्रसाद

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड द्वारा आयोजित हरिवंश टाना भगत इनडोर स्टेडियम, खेलगांव, राँची में दिनांक 08 जून को 'अखिल भारतीय सार्वजनिक संस्थान वॉलीबॉल प्रतियो. गिता' का उद्‌घाटन मुख्य अतिथि सीसीएल के सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने किया। इस अवसर पर सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री पी.वी.के.आर मल्लिकार्जुना राव, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री राम बाबू प्रसाद, सीवीओ श्री एस. के. सिन्हा, सहित श्रमिक संघ के प्रतिनिधिगण, मुख्यालय के विभिन्न विभाग के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं अन्य उपस्थित थे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने प्रतिभागियों को खेल भावना के साथ खेलते हुये अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया और सभी टीमों को शुभकामनाएँ दी।

उद्‌घाटन मैच एलआईसी एवं एनएफएल के बीच हुआ जिसमें एलाईसी ने जीत दर्ज किया।

ज्ञातव्य हो कि यह तीन दिवसीय प्रतियोगिता 08 जून से 10 जून, 2022 तक चला जिसमें देश के विभिन्न सार्वजनिक संस्थानों से छः टीमें (कोल इंडिया लिमिटेड, ईएसआईसी, एलआईसी, बीएसएनएल, ऑयल, एनएफएल) भाग लिया। यह प्रतियोगिता लिग–कम–नॉक आउट के आधार पर खेला गया।

सीसीएल कोयला उत्पादन के साथ–साथ समाज एवं राष्ट्र के समावेशी विकास के लिए सदैव तत्पर है साथ ही साथ खेल के क्षेत्र में भी सीसीएल अपना अहम भूमिका अदा कर रहा है।

दिनांक 10 जून को 'अखिल भारतीय सार्वजनिक संस्थान वॉलीबॉल प्रतियोगिता' का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कोल इंडिया के निदेशक (कार्मिक) श्री विनय रंजन सहित सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री पी.वी.के.आर मल्लिकार्जुना राव, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री राम बाबू प्रसाद, श्रमिक संघ के प्रतिनिधिगण, मुख्यालय के विभिन्न विभाग के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं अन्य उपस्थित थे।

फाईनल मैच में एलआईसी ने ऑयल इंडिया लिमिटेड को पराजय कर विजयी ट्राफी अपने नाम किया। मुख्य अतिथि श्री विनय रंजन ने विजेता टीम को बधाई देते हुये कहा कि सभी खिलाड़ी ने अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन किये हैं और मुझे उम्मीद है कि भविष्य में इस तरह का प्रदर्शन करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि कंपनी खेल को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्व है और इस तरह का



अखिल भारतीय सार्वजनिक संस्थान वॉलीबॉल प्रतियोगिता के उद्घाटन कार्यक्रम में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते सीएमडी, सीसीएल श्री पी.एम. प्रसाद




अखिल भारतीय सार्वजनिक संस्थान वॉलीबॉल प्रतियोगिता के विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान करते निदेशक (कार्मिक), सीआईएल श्री विनय रंजन

प्रतियोगिता का आयोजन आगे भी किया जायेगा।

प्रतियोगिता के आयोजन में विभागाध्यक्ष (कल्याण) श्रीमती रेखा पाण्डेय एवं उनकी टीम, प्रबंधक (खेल) श्री आदिल हुसैन एवं अन्य का सराहनीय योगदान रहा।

# सीसीएल में ''रक्तदान शिविर'' का आयोजन




सीसीएल में वेन्डर्स ग्रिवान्स सेल से संबंधित बैठक की अध्यक्षता करते सीएमडी, सीसीएल श्री पी. एम. प्रसाद

दिनांक 14 जून, 2022 को 'वर्ल्ड ब्लड डोनर डे' के अवसर पर प्रातः 10.00 बजे से अपराह्न 02.00 बजे तक काँके रोड, राँची स्थित सीसीएल के केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर में ''रक्तदान शिविर'' का आयोजन किया गया।

''रक्तदान मानव कल्याण रक्तदानी है महान' की कहावत को चरितार्थ करते हुये शिविर में 17 युनिट ब्लड जमा किया गया। रक्तदान लेने से पूर्व निर्धारित सभी मापदंडो को ध्यान में रखा गया।

शिविर को सफल बनाने में सीसीएल सीएमएस डॉ. डी.के. एल. चौहान, अस्पताल के सीएमएस डॉ. रत्नेश जैन सहित अन्य चिकित्सकगण एवं पारा–मेडिकल स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# सीसीएल द्वारा वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

दिनांक 16 जून को सीसीएल द्वारा बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन राँची यूनिवर्सिटी वॉलीबॉल मैदान में किया गया। यह शिविर 8 वर्ष से 16 वर्ष के आयु तक के बालिकाओं एवं बालकों के लिए 16 जून से 29 जून तक आयोजित किया गया है। शिविर में 70 बच्चे वॉलीबॉल संघ के योग्य प्रशिक्षक श्री सेंतांक सेन एवं श्री दिनेश सिंह से प्रशिक्षण प्राप्त किये।



शिविर का उद्घाटन सीसीएल के मुख्य प्रबंधक (वित्त), डॉ. संजय सिंह के द्वारा किया गया। डॉ. संजय सिंह ने अपने संबोधन में बच्चों को खेल के द्वारा अनुशासन, टीम वर्क एवं लक्ष्य प्राप्त करने के महत्व को समझाया। डॉ. संजय ने वॉलीबॉल संघ के सकारात्मक कार्य की भी प्रशंसा की।

बच्चों के लिए प्रशिक्षण शिविर कोविड 19 के बाद सीसीएल द्वारा पहली बार आयोजित किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह में प्रबंधक (खेल) एवं वॉलीबॉल संघ के सदस्य उपस्थित थे। शिविर का आयोजन कल्याण विभाग, सीसीएल द्वारा आयोजित किया गया।

# सीसीएल में स्वच्छता पखवाड़ा सम्पन्न

# सीएमडी, सीसीएल ने स्वच्छता की शपथ दिलायी




कर्मियों को 'स्वच्छता की शपथ' दिलाते सीएमडी, श्री पी. एम. प्रसाद एवं अन्य

दिनांक 16 जून, 2022 से 30 जून, 2022 तक सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस, रांची में 'स्वच्छता पखवाड़ा' मनाया गया। दिनांक 16 जून को सीसीएल के सीएमडी श्री पी. एम. प्रसाद ने उपस्थित सभी कर्मियों को ''स्वच्छता की शपथ' दिलायी। सभी कर्मियों ने गंदगी को दूर करके भारत माता की सेवा करने का शपथ लिया। हर वर्ष 100 घंटे यानी हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान और अपने अलावा अन्य 100 व्यक्तियों को इसके लिए प्रोत्साहित करने की भी शपथ ली गई। इस अवसर पर सीसीएल के निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष तथा कर्मी उपस्थित थे।

सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि लोगों में स्वच्छता को लेकर जागरूकता बढ़ा है। अब स्वच्छता अभियान में आमजन की भागीदारी बढ़ रही है इतना ही नहीं इसका बच्चों में भी सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहा है और वे अच्छी आदत को अपना रहे हैं।

निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री राम बाबू प्रसाद ने कहा कि हम सभी लोगों को स्वयं जागरूक होकर पूरे वर्ष स्वच्छता के प्रति कार्य करना चाहिए जिससे कि दूसरे भी इससे प्रेरित हो सके।

निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा ने उपस्थित सभी को संबोधित करते हुये सभी से भारत सरकार के स्वच्छता मुहिम को और आगे बढ़ाने और स्वच्छ वातावरण में कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

सीसीएल द्वारा 16 जून से 30 जून, 2022 तक स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत सीसीएल द्वारा मुख्यालय, राँची सहित सभी क्षेत्रों में ईको फ्रेंडली बैग, नुक्कड़ नाटक, पानी टंकी की सफा. ई, दिव्यांगजनों के लिए आरामदायक शौचालय एवं पेंटींग प्रतियोगिता आदि के माध्यम से आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के साथ–साथ स्वच्छता का संदेश जन–जन तक पहुँचाने हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत सीसीएल में नुक्कड़ नाटक का आयोजन

दिनांक 18 जून, 2022 को सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस परिसर, राँची में 'नुक्कड़ नाटक' का आयोजन किया गया जिसमें कलाकारों ने रोचक ढंग से स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला। ''स्वच्छता ही जीवन'' शिर्षक पर आधारित नुक्कड नाटक में उपस्थित सभी को स्वच्छता जागरूकता अभियान में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया।

नाटक का मंचन सीसीएल के अरगडा क्षेत्र में कार्यरत कर्मियों द्वारा किया गया जिसमें मुख्य अभिनय श्री अजय कुमार शर्मा एवं उनके सहयोगी कलाकार सर्वश्री कलेन्द्र कुमार बेदिया,



स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने के लिए नुक्कड़ नाटक का एक दृश्य

केस्टो मिस्त्री, मनप्रीत सिंह ने किया। उन्होंने इस लघु नाटिका के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक एवं जिम्मेदार होने का संदेश दिया। इस अवसर पर मुख्यालय के विभिन्न विभ. ागों के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में सीसीएल कर्मी उपस्थित थे।

ज्ञात हो कि 17 जून को भी मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों के विभिन्न स्थानों पर हरित भारत एवं प्लास्टिक मुक्त भारत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लगभग 500 जूट बैग का वितरण किया गया। साथ ही उन्हें स्वच्छता संबंधी जानकारी व अपने घरों, कॉलोनियों व आसपास को स्वच्छ रखने के फायदे बताये गये।

दिनांक 30 जून को सीसीएल मुख्यालय दरभंगा स्थित 'कंवेंशन सेंटर' में 'स्वच्छता पखवाड़ा' का समापन समारोह सम्पन्न हुआ। 15 दिनों से सीसीएल मुख्यालय सहित सीसीएल के सभी क्षेत्रों में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा था। इस दौ. रान सीएमडी, सीसीएल श्री पी. एम. प्रसाद के नेतृत्व में कंपनी के प्रत्येक कर्मी ने स्वच्छता की शपथ ली और 'स्वच्छ रहें दृ स्वस्थ रहें' के मूल मंत्र को अपनाने का संकल्प भी लिया जिससे हम 'स्वच्छ भारत दृ स्वस्थ भारत' के सपने को साकार कर सकें। कंपनी के अन्य निदेशकों ने भी सभी को स्वच्छता के प्रति अपनी अहम भूमिका निभाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए और कहा कि स्वच्छता की शुरूआत स्वयं से और आप अपने घर से करें और दूसरों को भी इसके लिए ज्यादा से ज्याद प्रेरित करें।

स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं को आयोजन किया गया जिनमें से निबंध प्रतियोगिता एवं चित्रांकण प्रतियोगिता प्रमुख थे। इन प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। इसके अलावे 60 सफाई कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए उन्हें जुट बैग, सैनिटाइजर, तौलिया, साबुन से लैस स्व. च्छता कीट भी प्रदान किया गया। इस दौरान सीसीएल मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों में कई प्रकार की अन्य गतिविधियॉ एवं कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाप्रबंधक (प्रशासन), श्री यू. पी. ना. रायण, विभागाध्यक्ष (कल्याण) श्रीमती रेखा पांडे, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में कर्मी उपस्थित थे।

स्वच्छता कार्यक्रम के आयोजन महाप्रबंधक (सीएसआर) श्री बालकृष्ण लाडी एवं टीम सीसीएल के सक्रिय सहयोग से किया जा रहा है।



सफाई कर्मचारियों के बीच जुट बैग, सैनिटाइजर, तौलिया, साबुन से लैस स्वच्छता कीट का वितरण

# सीसीएल में "अंतराष्ट्रीय योग दिवस" मनाया गया




"अंतराष्ट्रीय योग दिवस" के अवसर पर सभी को संबोधित करते हुए सीएमडी श्री पी. एम. प्रसाद

दिनांक 21 जून को "अंतराष्ट्रीय योग दिवस" के अवसर पर सी.सी.एल. जवाहर नगर, कांके रोड, राँची में सी.सी.एल. मुख्यालय, राँची ने योग शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर एनएसएनआईएस, पटियाला (साई) योगाचार्य पवन कुमार झा ने सी.सी.एल. कर्मियों को योगाभ्यास कराया। इस "योग शिविर" में सीएमडी, श्री पी.एम. प्रसाद; निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री राम बाबू प्रसाद; निदेशक (वित्त) श्री पवन मिश्रा, विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष सहित सीसीएल कर्मियों ने अपने परिवार के साथ उत्साह के साथ भाग लिया। सीसीएल के सभी क्षेत्रों में भी योग शिविर का आयोजन कर "अंतराष्ट्रीय योग दिवस" मनाया गया।

सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' की हार्दिक बधाई दी। उन्होंने सभी को प्रेरित करते हुये कहा कि अपने आप को स्वस्थ्य रखना हम सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए और इसका प्रमुख माध्यम 'योग' है। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ्य शरीर के लिए आवश्यक है कि योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाए और नियमित रूप से योगाभ्यास करें।



"अंतराष्ट्रीय योग दिवस" के अवसर पर योगा करते हुए सीएमडी श्री पी. एम. प्रसाद, निदेशक (तक.) (सं.) श्री राम बाबू प्रसाद एवं अन्य

आचार्य ने उपस्थित सभी को योग की विभिन्न मुद्राओं का योगाभ्यास करवाया। उन्होंने सहज तरीके से योग कैसे किया जाय और उससे कैसे शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ्य रहा जा सके को बताया और अभ्यास कराया।

कार्यक्रम के आयोजन में विभागाध्यक्ष (कल्याण) श्रीमती रेखा पाण्डेय एवं उनकी टीम का सराहनीय योगदान रहा।

इससे पहले दिनांक 20 जून 2022 को सीसीएल में मानव संसाधन विभाग एवं कल्याण विभाग के द्वारा एक कार्यशाला 'योगा फॉर पीस एंड हार्मोनी' का आयोजन दरभंगा हाउस के कांवेंशन सेन्टर में किया गया। इस कार्यशाला में जानेमाने योग प्रशिक्षक एवं राँची स्कूल ऑफ योगा के प्रोफेसर श्री मनोज सोनी ने योग पर प्रकाश डालते हुए इसके महत्व के बारे में लोगों को बताया। उन्होंने बताया कि योग से शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक एवं




योग के विभिन्न मुद्राओं का प्रदर्शन करते हुए राँची स्कूल ऑफ योगा की टीम

सामाजिक विकास तो होता ही है इसके अलावा इससे मनुष्य को आंतरिक एवं बाह्य शांति भी मिलती है। आज के व्यस्ततम जीवन शैली में हम सब को योग के लिए समय जरूर निकालना चाहिए। इससे हम कई प्रकार की बीमारियों से अपने–आप को बचा सकते हैं और कई प्रकार की बिमारियां जिनसे हम ग्रस्त हैं उन्हें भी ठीक करने में इसका लाभ हमें मिलता है। श्री मनोज सोनी ने कार्यशाला में उपस्थित सभी लोगों को अपने जीवन शैली में बदलाव लाने के लिए कई टिप्स भी दिए। इस कार्यशाला में 'खेलो इंडिया' और जिला, राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर योग में ख्याति प्राप्त श्री मनोज सोनी की प्रशिक्षित टीम द्वारा बड़े सुन्दर ढंग से संगीतमय व नृत्य के साथ योग के विभिन्न मुद्राओं का प्रदर्शन करते हुए उपस्थित जनसमूह को योग के प्रति जागरूक किया गया जिससे कि लोग इसका फायदा उठा सकें।

इस अवसर पर महाप्रबंधक (विधि) श्री पी. भट्टाचार्जी, महाप्रबंधक (सीएसआर) श्री बालकृष्ण लाडी, विभागाध्यक्ष (कल्याण) श्रीमती रेखा पांडे एवं मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में सीसीएल कर्मी उपस्थित थे।

# राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक



राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक की एक झलक

सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस राँची में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक दिनांक 22 जून को सी.सी.एल. के अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक श्री पी.एम. प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक श्री पी.एम. प्रसाद ने उपस्थित लोगों को हिन्दी भाषा के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करते हुये कहा कि राजभाषा हिन्दी के प्रचार–प्रसार हेतु सभी को अपना दैनिक कार्य अधिक–से–अधिक हिन्दी में करने की आवश्यकता है जिससे राजभाषा का विकास शतप्रतिशत हो सके। उन्होंने उपस्थित सभी विभाग. ाध्यक्ष से भी हिन्दी में कार्य करने एवं अपने अधिनस्थ कर्मियों को इसके लिए प्रेरित करने के निर्देश दिये।

राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए बी एण्ड के क्षेत्र सहित मुख्यालय के औद्योगिक अभियंत्रण एवं मानव संसाधन विभाग को पुरस्कृत किया गया।

सहायक प्रबंधक (राजभाषा) श्री दिविक दिवेश ने राजभाषा कार्यान्वयन समिति की रिपोर्ट को पावर प्वाइंट के माध्यम से उपस्थित सभी के बीच प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर मुख्यालय के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष सहित क्षेत्रों के अधिकारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विभागाध्यक्ष (राजभाषा), श्री संजय कुमार, सहायक प्रबंधक (राजभाषा) श्री बलि राम सिंह एवं अन्य योगदान सराहनीय रहा।

# सीसीएल एवं स्पेशल ओलम्पिक भारत के बीच समझौता ज्ञापन

सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड ने दिनांक 24.06.2022 को स्पेशल ओलम्पिक भारत, के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। है।

महाप्रबंधक (एसडी और सीएसआर), सीसीएल और कार्यकारी निदेशक, स्पेशल ओलंपिक भारत, नई दिल्ली ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए । मौके पर श्री एस.एस. लाल, मुख्य प्रबंधक (सिविल/सीएसआर), सीसीएल मुख्यालय एवं अन्य अधिकारियों की उपस्थिति थे।



समझौता ज्ञापन समारोह का एक दृश्य

इस प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य और लक्ष्य विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में समाज के सबसे गरीबध्वंचित वर्गों के बौद्धिक अक्षमता वाले 500 व्यक्तियों को आगामी 3 वर्षों के लिए खेल प्रशिक्षण और सुविधा प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाना है जिससे कि उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके। इस प्रोजेक्ट पर लगभग 19.68 लाख रूपये की व्यय होगी।

> “ हृदय की कोई भाषा नहीं है, हृदय–हृदय से बातचीत करता है
> और हिंदी हृदय की भाषा है। ”
>
> – महात्मा गाँधी

# सीसीएल मुख्यालय में सुरक्षा समीक्षा बैठक संपन्न



समीक्षा बैठक का एक दृश्य

दिनांक 25 जून को सीसीएल दरभंगा हाऊस, रांची स्थित 'कोयला कक्ष'में सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के कमांड क्षेत्रों में अवैध उत्खनन एवं कोयला चोरी की रोकथ. ाम के लिए महाप्रबंधक (खनन/सुरक्षा), श्री के रामाकृष्णा की अध्यक्षता में सुरक्षा समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सुरक्षा संबंधित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा किया गया।

इस अवसर पर बैठक में भाग ले रहे क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारियों ने अपने–अपने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया जिसमें सीआईएसएफ के उप समादेष्टा का भी सुझाव दिया गया। साथ ही सीसीएल के सभी कमांड क्षेत्रों के क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी एवं सीआईएसएफ के उप समादेष्टा एनके, पिपवार, बी एंड के एवं ढोरी सहित मुख्यालय से श्री समित मुखर्जी, मुख्य प्रबन्धक(ई एंड टी), श्री अविनाश श्रीवास्तव, मुख्य प्रबन्धक (कार्मिक/सुरक्षा ), श्री एस एस हक, उप प्रबन्धक एवं श्री अनिल कुमार उपस्थित थे।

# सीआईएल अध्यक्ष ने सीसीएल में समीक्षा बैठक की

कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के अध्यक्ष श्री प्रमोद अग्रवाल ने दिनांक 26 जून को राँची, झारखंड में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) की मुख्यालय में एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक का एक एजेंडा देश के विभिन्न राज्यों में स्थित बिजली संयंत्रों को कोयले की आपूर्ति बढ़ाना था। उन्होंने कंपनी में एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग (ईआरपी) के कार्यान्वयन की भी समीक्षा की ताकि हितधारकों को इस नई प्रणाली से लाभ मिल सके।

सीएमडी, सीसीएल श्री पी.एम. प्रसाद, सीएमडी, सीएमपीडीआईएल श्री मनोज कुमार, निदेशक तक./संचालन, श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक तकनीकी (पी एंड पी) श्री एस के गोमस्ता, निदेशक (वित्त), श्री पी के मिश्रा, विभिन्न विभागों के महाप्रबंधकों ‍ विभागाध्यक्षों ने बैठक में भाग लिया। क्षेत्र महाप्रबंधक को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जोड़ा गया।

श्री अग्रवाल ने खनन क्षेत्रों के सभी क्षेत्र महाप्रबंधकों के साथ कंपनी के प्रदर्शन की समीक्षा की और चालू वित्त वर्ष 2022–23 की शेष अवधि में उत्पादन बढ़ाने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए। श्री अग्रवाल ने विश्वास व्यक्त किया कि सीसीएल चालू वित्त वर्ष के वांछित लक्ष्य को प्राप्त कर लेगा। और प्रत्येक क्षेत्र के महाप्रबंधकों को संबंधित क्षेत्रों के अपने लक्ष्यों को पूरा करने के लिए कहा। उन्होंने सीसीएल के प्रबंधन को



बैठक की अध्यक्षता करते सीआईएल के अध्यक्ष श्री प्रमोद अग्रवाल

बिजली संयंत्रों को कोयले की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए भी कहा।

सीएमडी सीसीएल श्री पी.एम. प्रसाद ने उन्हें प्रदर्शन और संबंधित मुद्दों पर जानकारी दी।

झारखंड स्थित सीआईएल की सहायक कंपनी सीसीएल झारखंड के आठ जिलों में खनन गतिविधियों को अंजाम दे रही है और देश को ऊर्जा प्रदान कर रही है।

> “हिंदी हमारे देश और भाषा की प्रभावशाली विरासत है!”
>
> – माखनलाल चतुर्वेदी

# सीसीएल में 'लिडरशीप चौलेन्जेज फॉर एचिविंग वन बिलियन टन कोल प्रोडक्शन' विषय पर कार्यशाला का आयोजन



कार्यशाला का उद्घाटन करते सीएमडी श्री पी. एम. प्रसाद, निदेशक (का.) श्री पीवीकेआर मल्लिकार्जुन राव एवं अन्य गणमान्य अतिथि

दिनांक 29 मई को सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस, रांची के 'कन्वेंशन सेंटर' में 'लिडरशीप चौलेन्जेज फॉर एचिविंग वन बिलियन टन कोल प्रोडक्शन' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीसीएल के सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद, निदेशक (कार्मिक) श्री पी.वी.के.आर. मल्लिकार्जुन राव सहित विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में कर्मी उपस्थित थे। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथियों एवं वक्ताओं में से श्री जी.डी. गुलाब, पूर्व निदेशक (कार्मिक), एमसीएल, श्री आरपी श्रीवास्तव, पूर्व निदेशक (पी एंड आईआर),

सीआईएल एवं श्री पी.एस. मिश्रा, सीएमडी, एसईसीएल विशेष रूप से उपस्थित होकर अपने अनुभवों को साझा करते हुए एक बिलियन टन कोयला उत्पादन के वांछित लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु अपने–अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यशाला को संबोधित करते हुये सीसीएल के सीएमडी श्री पी.एम.प्रसाद ने कहा कि युवाओं को तैयार करना लीडरशीप के महत्वपूर्ण पहलुओं में से एक है। उन्होंने आगे कहा कि एक बिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य को हासिल करने के लिए कोल इंडिया लि. के सभी अनुषंगी कंपनियों को उत्पादन में डबल डिजिट ग्रोथ को हासिल करना होगा।

मुख्य वक्ता श्री पी.एस. मिश्रा, सीएमडी, एसईसीएल ने राष्ट्र की ऊर्जा मांगों को पूरा करने के लिए सतत खनन के बारे में चर्चा की। उन्होंने दर्शकों को नेतृत्व की गुणवत्ता बढाने के लिए प्रोत्साहित किया।

मुख्य वक्ता श्री जी.डी. गुलाब, पूर्व निदेशक (कार्मिक), एमसीएल ने लीडरशीप के बारे में विस्तार से चर्चा किया। उन्होंने कहा कि किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए लिए सभी को एक टीम के रूप में कार्य करने की आवश्यकता होती है। उन्होंने एक विशेष लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए टीम वर्क के लाभों और उसके सकारात्मक प्रभाव का भी उल्लेख किया।

कार्यशाला में अपने विचार व्यक्त करते हुए श्री आरपी श्रीवास्तव, पूर्व निदेशक (पी एंड आईआर), कोल इंडिया ने 'सभी के लिए लक्ष्यों का सार्थक वितरण' और 'प्रभावी संचार कौशल' के बारे में बताया।

# सीसीएल में सेवानिवृत कर्मियों को भावभीनी विदाई




सम्मान समारोह का एक दृश्य

सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मियों सर्वश्री/श्रीमती उमेश सिंह, महाप्रबंधक (कार्मिक एवं औद्योगिक संबंध), कार्मिक एवं औद्योगिक संबंध विभाग; कृष्णा बाटुल, महाप्रबंधक (एम एंड एस), गुणवत्ता प्रबंधन विभाग; राम नाथ मिश्रा, मुख्य प्रबंधक (खनन), गुणवत्ता प्रबंधन विभाग; कार्तिक कुमार कच्छप, मुख्य प्रबंधक (उत्खनन), उत्खनन विभाग; राजेन्द्र कुमार चौधरी, कार्यालय अधीक्षक, ए–1, कार्मिक एवं औद्योगिक संबंध विभाग; पी.ई. रॉबरता पुरती, डीईएस, ए–1, प्रणाली विभाग, शिव रतन महतो, कार्यालय अधीक्षक, ए, कार्मिक एवं औद्योगिक संबंध विभाग तथा केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर से सुरजीत घोष, अकाउंटेंट –ए 1; अनुकम्पा केरकट्टा, मेट्रॉन–ए 1 को दिनांक 30 जून को सीसीएल परिवार की ओर से सीसीएल मुख्यालय में "सम्मान समारोह" का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई। पूरे सीसीएल से जून माह में 107 कर्मी सेवानिवृत हुये जिन्हें सम्मान समारोह का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गयी।

मुख्यालय राँची में आयोजित सम्मान समारोह में सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने अपने संबोधन में सीसीएल परिवार की ओर से उपस्थित वरिष्ठतम सेवानिवृत कर्मियों का अभिनंदन एवं स्वागत करते हुये कहा कि सीसीएल के विकास यात्रा में आप सभी की भूमिका सराहनीय रही है। उन्होंने सभी के उज्जवल भविष्य एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री पी.वी.के.आर. मल्लिकार्जुन राव ने अपने संबोधन में कहा कि आप जहाँ भी रहे स्वस्थ्य रहे और अपने परिवार एवं सामाजिक कार्यो में अधिक से अधिक समय व्यतित करें। उन्होंने कहा कि आपके साथ किये गये कार्य सदैव याद रहेंगे।

निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा ने कहा कि मैं आप सभी को कंपनी की ओर से दूसरी पाली के लिए शुभकामनाएँ देता हूँ और आपके स्वस्थ्य एवं सुखद जीवन के लिए ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ। सीसीएल परिवार सदैव आप सभी के साथ है।

अवसर विशेष पर सेवानिवृत्त कर्मियों ने अपने कार्यकाल के अनुभवों को सभी के साथ साझा किया। उन्होंने अपने विचार रखे, साथ ही कंपनी के उत्तरोत्तर विकास की कामना की तथा कंपनी के प्रति आभार व्यक्त किया। अवसर विशेष पर सेवानिवृत्त कर्मियों को रिटायरमेंट बेनिफिट भी प्रदान किया गया।

इस अवसर पर सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त कर्मियों के परिवारजन उपस्थित थे। सम्मान समारोह को सफल बनाने में कल्याण विभाग के कर्मियों का विशेष योगदान रहा।

# समाचार पत्रों में सीसीएल

## सीसीएल में योग कार्यशाला आयोजित



राष्ट्रीय सागर संवाददाता

## स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सीसीएल में नुक्कड़ नाटक



## सीसीएल गांधीनगर अस्पताल में निःशुल्क हृदय रोग चिकित्सीय शिविर का आयोजन



## CCL ORGANISES WORKSHOP ON "LEADERSHIP CHALLENGES FOR ACHIEVING ONE BILLION TONNE COAL-PRODUCTION

RANCHI: Central Coalfields Limited, the Jharkhand based subsidiary of Coal India organized a workshop on "Leadership Challenges for Achieving One Billion Tonne Coal Production" at CCL HQ Darbhanga House, Ranchi on 29th of June. CMD CCL PM Prasad was the chief guest on the occasion Director (Pers) PVKR Mallikarjuna Rao also graced the occasion General Managers, HoDs of various departments along with a large number of employees participated in the same. Eminent speakers from the Coal Industry shared their experiences and stories with the audiences. GD Gulab Ex Director (Pers), MCL talked about leadership qualities and motivated the workers to achieve their goals as a team. In addition, he mentioned the perks of teamwork and a positive attitude in ...

## CCL signed MoU for Sports training of intellectually disable persons



... GM (SD and CSR), CCL and Executive Director, Special Olympics Bharat, New Delhi in the presence of SS Lal, Chief Manager (Civil/CSR) and other officials of CSR Dept, CCL HQ.

The aim and objective of the project is to empower the persons with ... which are by and ... poorest/disadvantaged sections of the society by providing sports training and facilitation for participation in various national and interna-...

## पीके मिश्रा ने सीसीएल में दिया योगदान

रांची. पवन कुमार मिश्रा ने सीसीएल के निदेशक वित्त के रूप में शुक्रवार को योगदान दिया है. सीसीएल के सीएमडी पीएम प्रसाद उनका अभिनंदन किया.



इस अवसर पर निदेशक तकनीकी (संचालन) राम बाबू प्रसाद भी मौजूद थे. श्री मिश्रा अपना योगदान देने के बाद सीसीएल मुख्यालय के अधिकारियों से मुलाकात की. नवनियुक्त निदेशक वित्त इससे पूर्व डीएनएच पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन ...

## CMD, CCL administered oath of cleanliness

## Cleanliness fortnight launched in CCL



## सीसीएल में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक

## अधिक से अधिक दैनिक कार्य हिंदी में करें : सीसीएल सीएमडी

संवाददाता

रांची : सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस रांची में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक बुधवार को सीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक पीएम प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित की गई। ...

# सोशल मीडिया में सीसीएल

**Central Coalfields Limited**
@CCLRanchi

Congratulations #TeamCCL on best ever first quarter performance since inception of the company.

Shattering all the previous records, CCL attained the highest ever coal production, dispatch and OB removal during the first quarter of FY 22-23.

#AatmaNirbharBharat




**Central Coalfields Limited**
@CCLRanchi

#TeamCCL celebrates #WorldEnvironmentDay2022.

A herbal garden was inaugurated at CCL HQ by Shri P.M.Prasad CMD, CCL and other dignitaries. Winners of various competitions organised were felicitated.

Plantation drive was carried out through the company on the occasion.



**Central Coalfields Limited**
@CCLRanchi

#स्वच्छतापखवाड़ा के तहत #TeamCCL द्वारा मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों के विभिन्न स्थानों पर हरित भारत और प्लास्टिक मुक्त भारत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लगभग 500 जूट बैग का वितरण किया गया।

Translate Tweet



Pralhad Joshi and 4 others

5:42 PM · 17/06/22 · Twitter for iPhone

View Tweet activity

**Central Coalfields Limited**
@CCLRanchi

@jsspsociety के आदित्य कुमार गौरव ने कुश्ती में रचा इतिहास
Bahrain में 2 जुलाई से 10 जुलाई 2022 तक आयोजित होने वाली U-15 एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले झारखंड के पहले बालक पहलवान बने।
#TeamCCL उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है। #CclCsrInitiative

Translate Tweet



Pralhad Joshi and 7 others


सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क), जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : मयंक कश्यप, उप प्रबंधक (सीडी), जनसम्पर्क विभाग
सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित। (आंतरिक वितरण हेतु)